भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न 1560
28 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

संघ राज्य क्षेत्रों में पीएमएमएसवाई

1560. श्री हमदुल्ला सईद **:**

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक संघ राज्यक्षेत्र में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का संघराज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान प्रत्येक संघ राज्यक्षेत्र में पीएमएमएसवाई के तहत कुल कितनी निधि आवंटित, जारी तथा उपयोग की गई है;

(ग) क्या सरकार को पीएमएमएसवाई के तहत मत्स्यपालन अवसंरचना, मूल्य संवर्धन, समुद्री कृषि, सजावटी मत्स्यपालन और आजीविका संवर्धन के लिए संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा और स्थिति क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा संघ राज्यक्षेत्रों, विशेषकर लक्षद्वीप सहित द्वीप संघ राज्यक्षेत्रों में मत्स्यपालन क्षेत्र को मजबूत करने और मछुआरों की आय तथा आजीविका में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (घ): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से लागू की गई प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, दमन, दीव और दादरा और नगर हवेली, लद्दाख, जम्मू और कश्मीर तथा दिल्ली केंद्र शासित प्रदेशों के मात्स्यिकी और जलकृषि क्षेत्र के विकास के लिए 1032.66 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसमें केंद्रीय शेयर 844.37 करोड़ रुपए है। स्वीकृत परियोजनाओं, जारी की गई धनराशि और उपयोग की गई धनराशि का केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण नीचे दिया गया है:

(रुपए करोड़ में)

क्रम सं.	**केंद्र-शासित प्रदेश का नाम**	**कुल परियोजना लागत**	**केंद्रीय शेयर**	**जारी निधि**	**जारी निधि का उपयोग**
(i)	**(ii)**	**(iii)**	**(iv)**	**(v)**	**(vi)**
1	अंडमान और निकोबार	280.67	257.16	20.00	17.07
2	लक्षद्वीप	71.51	53.28	22.91	14.42
3	पुडुचेरी	357.19	302.37	113.34	92.38
4	दमन, दीव और दादरा और नगर हवेली	129.90	127.17	1.79	1.79
5	लद्दाख	33.49	20.10	12.17	11.23
6	जम्मू और कश्मीर	154.57	81.43	79.61	63.44
7	दिल्ली	5.33	2.86	1.63	1.24
	कुल	**1032.66**	**844.37**	**246.55**	**201.57**

लक्षद्वीप सहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य मत्स्य उत्पादन में वृद्धि, मछुआरों की आय और आजीविका में सुधार, मात्स्यिकी इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, आय का विविधीकरण और वैल्यू चेन में सुधार करना है। चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश ने PMMSY के तहत कोई परियोजना शुरू नहीं की है। PMMSY के अंतर्गत स्वीकृत प्रमुख परियोजनाओं का केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

संघ राज्य क्षेत्रों में पीएमएमएसवाई के संबंध में 28 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न 1560 के उत्तर में उल्लिखित विवरण : प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत स्वीकृत प्रमुख परियोजनाओं का केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण

(i) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

- 6 फिश हैचरी,
- 37 आइस प्लांट/ कोल्ड स्टोरेज,
- 251आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिलें,
- 41आइस बॉक्स के साथ तिपहिया वाहन,
- 11 इंसुलेटेड वाहन,
- 3 रेफ्रिजरेटेड वाहन और
- 43.49 हेक्टेयर जलकृषि तालाब,
- 7 बायोफ्लॉक इकाइयाँ,
- 1 RAS इकाई ,
- 2 फिश फीड मिल्स,
- 6 डीप सी फिशिंग वेसल्स
- जलवायु अनुकूल तटीय मछुआरा गांवों के रूप में 5 मछुआरा गांवों का विकास
- टूना क्लस्टर की अधिसूचना
- मायाबंदर में स्मार्ट और एकीकृत फिशिंग हार्बर का विकास

(ii) लक्षद्वीप

- 10 आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज,
- 4 फिश कियोस्क,
- 29 तिपहिया वाहन,
- 110 आइस बॉक्स के साथ मोटरसाइकिलें,
- 3 फिश वैल्यू एडेड एंटरप्राइजेज,
- 16 डीप सी फिशिंग वेसल्स
- 19 रिक्रिएशनल फिशरीज इकाइयाँ,
- 3 ऑर्नामेंटल फिश इकाइयाँ,
- 100 मछुआरों के लिए सुरक्षा किट,
- 50 जाल के साथ नावों का रिप्लेसमेंट,
- 502 संचार/ट्रैकिंग उपकरण इकाइयाँ
- 750 सीवीड कल्चर इकाइयाँ।
- 9 एकीकृत तटीय गांवों का विकास
- समुद्री शैवाल क्लस्टर की अधिसूचना
- जलवायु अनुकूल तटीय मछुआरा गांवों के रूप में 2 मछुआरा गांवों का विकास
-

(iii) पुडुचेरी

- 40 हेक्टेयर ग्रो-आउट तालाब,
- 8 आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज,
- 32 इंसुलेटेड वाहन,
- 90 आइस बॉक्स के साथ मोटरसाइकिलें,
- 14 रेफ्रिजरेटेड वाहन,
- 6 लाइव फिश वेंडिंग सेंटर्स
- 9 डीप सी फिशिंग वेसल्स
- कराइकल में स्मार्ट और एकीकृत फिशिंग हार्बर का विकास
- कराइकल फिशिंग हार्बर क्लस्टर की अधिसूचना
- जलवायु अनुकूल तटीय मछुआरा गांवों के रूप में 2 मछुआरा गांवों का विकास

- कराइकल में समुद्री शैवाल कृषि और उपयोग में नवाचार और क्षमता विकास के लिए उन्नत केंद्र (ACICD)

(iv) दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव (DNH & DD)

- 1 कोल्ड स्टोरेज
- वनाकबारा में स्मार्ट और एकीकृत फिशिंग हार्बर का विकास
- वनाकबारा फिशिंग हार्बर क्लस्टर की अधिसूचना

(v) लद्दाख

- 344 ट्राउट रेसवे,
- 13 ट्राउट हैचरी,
- 2 RAS
- 4 ऑर्नामेंटल इकाइयाँ
- 23 फिश कियोस्क
- 2 आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज
- 2 इंसुलेटेड और रेफ्रिजरेटेड वाहन
- 90 आइस बॉक्स के साथ स्कूटी
- कारगिल जिले में कोल्ड वॉटर फिशरीज क्लस्टर की अधिसूचना

(vi) जम्मू और कश्मीर

- 751 ट्राउट रेसवे,
- 5 ट्राउट हैचरी,
- 5 फिश फीड मिल्स,
- 70 फिश कियोस्क,
- 66 लाइव फिश वेंडिंग सेंटर्स,
- 211 आइस बॉक्स के साथ तिपहिया वाहन,
- 21 रेफ्रिजरेटेड वाहन,
- 64 बायोफ्लॉक इकाइयाँ,
- 8 RAS इकाइयाँ,
- 18 वैल्यू एडेड एंटरप्राइजेज और
- आजीविका और पोषण सहायता के लिए 88,225 मछुआरे शामिल
- अनंतनाग जिले में कोल्ड वॉटर फिशरीज क्लस्टर की अधिसूचना

(vii) दिल्ली

- 10 ऑर्नामेंटल फिश इकाइयाँ
- 2 रिक्रिएशनल फिशरीज
- 5 आइस-बॉक्स के साथ साइकिल
- 1 इकाई रोग निदान प्रयोगशाला
- 8 री-सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम - RAS
- 5 बायोफ्लॉक मध्यम
- 2 आइस-बॉक्स के साथ मोटरसाइकिल
- 2 आइस-बॉक्स के साथ तिपहिया वाहन
- 1 रेफ्रिजरेटेड वाहन

(viii) चंडीगढ़

- चंडीगढ़ प्रशासन ने PMMSY के तहत मात्स्यिकी विकास परियोजनाओं को शुरू नहीं किया है।

*****